**प्रेस नोट**
**दिनांक 02.05.2025**

## थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार–

**कार्यवाहीः–**
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–99/25, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त–01. प्रदीप कुमार पाण्डेय पुत्र बालगोविन्द पाण्डेय नि0 परासपट्‌टी मझवार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को ग्राम परासपट्‌टी मझवार से गिरफ्तार कर लिया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण–
आज दिनांक 02.05.2025 को थाना उमरीबेगमगंज के उ0नि0 अक्षय कुमार मिश्र मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त अपने घर परासपट्‌टी मझवार पर मौजूद है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर पहुंचकर गैंगस्टर–प्रदीप कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का एक आपराधिक गिरोह है जो भौतिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बीएनएस के अध्याय 06 व धारा 352 में वर्णित अपराध को करते है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**
01. प्रदीप कुमार पाण्डेय पुत्र बालगोविन्द पाण्डेय नि0 परासपट्‌टी मझवार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**
01. मु0अ0सं0–99/25, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**
01. उ0नि0 अक्षय कुमार मिश्र।
02. का0 सुरेश यादव।
03. का0 ऋषिकेश कुमार।
04. का0 प्रखर सिंह।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**